PART - I

| Paper Code |
| --- |
| P-4 |

801352

PART - II

801352

| Paper Code |
| --- |
| P-4 |

Roll No.

| | |
| --- | --- |
| Name of the candidate | |
| Date of Birth (DD/MM/YYYY) | |
| Father's Name | |
| Signature of the candidate | |

TO BE FILLED BY THE CANDIDATE

Roll No.

| | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 |
| 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 |
| 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 |

Invigilator must check the Roll No. and Photo I.D. of the candidate, them Sign. here :

TO BE FILLED BY INVIGILATOR

If candidate found using unfair means them Invigilator should fill up this bubble with black/blue ball pen & report to the Centre Superintendent:

## IMPORTANT NOTES
## महत्त्वपूर्ण निर्देश

(A) Please fill up the OMR Sheet of this Question-Answer Booklet properly before answering.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व उसके संलग्न ओ.एम.आर. पत्रक को भली प्रकार से भर लें ।

(B) The question paper is divided into different unit and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है । प्रत्येक यूनिट एवं भाग में से किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं ।

(C) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **अंग्रेजी या हिन्दी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं । भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो ।

(D) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words; failing this, marks will be deducted.
अभ्यर्थियों को अपने उत्तर निर्धारित शब्दों की सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए । इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जायेंगे ।

(E) Please write answers only in the prescribed space of booklet. Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. name, address, telephone number, Name of God etc. or any irrelevant words other than the answer of question. Such act will be treated as unfair means. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained, if Roll Number is not filled correctly on the O.M.R. Sheet.
किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें । प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ़ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी अपना नाम, रोल नंबर अथवा अन्य कोई पहचान चिह्न यथा -- प्रश्नोत्तर में नाम, पता, दूरभाष नंबर, देवताओं के नाम अथवा अन्य कोई भी प्रश्नोत्तर से असम्बंधित शब्द, वाक्य एवं अंक आदि न लिखें । ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा । ओ.एम.आर. पत्रक पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा उसके प्राप्तांकों में से 5 अंक भी काटे जा सकते हैं ।

(F) Candidates are directed that they should not write (answer) out side the border line in every page. Answer written out side the border line will not be checked by the Examiner.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रत्येक पृष्ठ में बनाई गई बार्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें । बार्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को परीक्षक द्वारा जाँचा नहीं जायेगा ।

(G) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

(H) The Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate. Candidate must sign the declaration as per directions printed on the envelope and return it to the invigilator.
अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है । अभ्यर्थी लिफाफे पर अंकित निर्देशों को पढ़कर घोषणा पर हस्ताक्षर कर लें और उसे अभिजागर को वापस कर दें ।

(I) Candidate should fill up all desired details on this attached OMR sheet of Question-Answer Booklet with **blue** ball point pen. Please ensure that this OMR Sheet is not torn or damaged.
अभ्यर्थी प्रश्नोत्तर पुस्तिका के ऊपर संलग्न इस ओ.एम.आर. पत्रक पर सभी वांछित विवरण **नीले** बॉल पेन से सावधानीपूर्वक भरें । ध्यान रखें कि यह ओ.एम.आर. पत्रक कहीं से कटे-फ़टे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो ।

(J) This **OMR** Sheet consists of **Two** parts, in which some information is pre-printed; remaining details have to be filled by the candidate.
यह **ओ.एम.आर.** पत्रक **दो** भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं । शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है ।

(K) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly, bring it to notice of invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है, तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा ले, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।

**विशेष नोट** :
अभ्यर्थी द्वारा यदि ओ.एम.आर. पत्रक पर गलत सूचना भरी जाती है या उसे किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा संपूर्ण परीक्षा हेतु अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

**Special Notes :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage it or any marking as identification is done, then his candidature for the entire examination shall be rejected by the commission, for which he will be liable.

SPACE FOR ROUGH WORK

# PAPER – IV GENERAL HINDI & GENERAL ENGLISH

(Total 200 Marks)
(Total 65 Questions)

(Unit – I) (120 Marks)

(यूनिट – I) (120 अंक)

## सामान्य हिन्दी

Part – A Marks : 50

भाग – अ अंक : 50

**नोट : सभी** प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।

1. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए :

(i) वर्षा + ऋतु = (ii) उत् + श्वास =
(iii) प्रति + स्थित = (iv) गै + अन =

2. इन शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए :

(i) तद्रूप = (ii) चतुष्पथ =
(iii) मध्वरि = (iv) ममेतर =

3. निम्नांकित की संधि कीजिए :

(i) देवी + ऐश्वर्य =
(ii) मातृ + आज्ञा =
(iii) निर् + रव =
(iv) मृद् + मय =

4. इन उपसर्गों के संयोग से 2–2 शब्द बनाइए :

(i) दर =
(ii) परा =

5. निम्नांकित शब्दों में से उपसर्ग पृथक् कीजिए :

(i) प्रत्यक्ष
(ii) वीक्षक
(iii) अनुपजाऊ
(iv) बेनज़ीर

6. इन प्रत्ययों के संयोग से 2–2 शब्द बनाइए :
   (i) य =
   (ii) नाक =

7. निम्नांकित शब्दों से प्रत्यय पृथक् कीजिए :
   (i) शारदीय
   (ii) कारक
   (iii) घनेरा
   (iv) सौष्ठव

8. इन शब्दों के विलोम लिखिए :
   (i) तृष्णा =
   (ii) अभिज्ञ =
   (iii) सायास =
   (iv) सुकर =

9. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :

(i) अद्यतन = (ii) आदृत =

(iii) अंतरंग = (iv) स्तेय =

10. दिए गए शब्दों के 2–2 पर्यायवाची लिखिए :

(i) परोक्ष =

(ii) कूट =

11. इन शब्दों के 2–2 पर्यायवाची लिखिए :

(i) अरण्य =

(ii) पुरुषार्थ =

12. निम्नांकित शब्द-युग्मों का अर्थ-भेद स्पष्ट कीजिए :

(i) वर्ण – व्रण =

(ii) अग – अघ =

13. निम्नलिखित शब्द-युग्मों का अर्थ-भेद स्पष्ट कीजिए :

(i) अपत्य – अपथ्य =

(ii) साम – शाम =

14. निम्नांकित वाक्यांशों के लिए सार्थक शब्द लिखिए :

(i) सेवा या टहल करने की इच्छा वाला =

(ii) चोरी-छिपे माल लाने-ले जाने वाला =

15. इन वाक्यांशों के लिए सार्थक शब्द लिखिए :

(i) जिसे पार करना कठिन हो =

(ii) जो दूसरे के स्थान पर अस्थायी रूप से काम करे =

16. निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए :

(i) उस करुण दृश्य को देखकर उसकी आँख में आँसू भर आए ।

(ii) यह स्मारक संगमरमर पत्थर से निर्मित है ।

17. इन वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए :

(i) वह प्राय: बार–बार मुझसे मिलने आता है ।

(ii) बच्चे को ठंडा करके दूध पिलाओ ।

18. निम्नांकित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :
(i) मलयुद्ध
(ii) महात्मय
(iii) कृत्यकृत्य
(iv) अन्र्तद्वंद

19. निम्नांकित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :
(i) अनुसंगिक
(ii) पुनरावलोकन
(iii) तंदुरस्त
(iv) स्थाइत्व

20. इन मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए :
(i) आँखों में चरबी छाना
(ii) हाथों के तोते उड़ना

21. निम्नांकित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए :
   (i) नाक का बाल होना
   (ii) पानी पी–पीकर कोसना

22. निम्नांकित लोकोक्तियों का भावार्थ लिखिए :
   (i) तेल देखो तेल की धार देखो
   (ii) नक्कारखाने में तूती की आवाज

23. निम्नांकित लोकोक्तियों का भावार्थ लिखिए :
   (i) मुद्दई सुस्त, गवाह चुस्त
   (ii) सूत न कपास, जुलाहे से लट्ठम लट्ठा

24. निम्नांकित पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिंदी पारिभाषिक लिखिए :
(i) Detenu (ii) Statutory

25. निम्नांकित पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिंदी पारिभाषिक लिखिए :
(i) Cut-motion
(ii) Supersede

## Part – B
## भाग – ब

Marks : 50
अंक : 50

1. निम्नलिखित अवतरण का उचित शीर्षक देते हुए लगभग एक–तिहाई शब्दों में संक्षिप्तीकरण कीजिए :

**अंक 2 + 8 = 10**

जीवन ज्ञात और अज्ञात का मिश्रण है । इन दोनों में से एक भी कम हो जाए तो जीवन अधूरा हो जाएगा । हमारा एक हिस्सा है जो निश्चित राय रखता है । एक अन्य हिस्सा हमेशा अज्ञात का पता लगाने के लिए उकसाता रहता है । बुद्धिमान वही है जो अनिश्चितता का सामना करने और उसमें से उत्तम अवसर पैदा करने की कुशलता विकसित कर लेता है । आश्चर्य किसी भी वस्तु का ज्ञान प्राप्त करने की अंतहीन संभावना उत्पन्न कर देता है । हम जितना अधिक जानते हैं उतनी ही अधिक अज्ञात के प्रति जिज्ञासा बनी रहती है । आश्चर्य किसी पुरानी बात के लिए ही नहीं होता है । पक्की राय उसके लिए हो सकती है, जो नया नहीं है । जो व्यक्ति केवल आश्चर्यचकित रहता है वह भ्रमित रहता है । जो सब बातों के प्रति पूर्ण रूप से निश्चित होता है, वह निष्क्रिय और सुस्त हो जाता है ।

2. निम्नलिखित कथन का भाव विस्तार कीजिए : (शब्द सीमा : लगभग **100** शब्द) **अंक 10**

'असफलताएँ सफलता का आधार-स्तंभ हैं।'

3. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर की ओर से प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, नोखा को सत्र 2017–18 में महाविद्यालय में सम्पन्न गतिविधियों की रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए एक अनुस्मारक लिखिए। **अंक 10**

4. मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान, जयपुर की ओर से समस्त जिला वन संरक्षकों के नाम एक परिपत्र लिखें, जिसमें जुलाई माह में जिला स्तर पर सघन पौधारोपण अभियान चलाने का उल्लेख हो । **अंक 10**

5. निम्नांकित अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए : अंक 10

Man is the image of God. He symbolizes his infinite beauty, goodness, grace of body and mind. He is his earthly symbol, his image on earth. And he who is honest is the noblest of God's works. Honesty implies sacrifice, transparency of truth, sincerity of heart, earnestness of purpose, devotion of high ideals, work for the benefit of humanity. An honest man is prepared to wear the crown of thorns and suffer martyrdom for the glory of God and for the establishment of God's kingdom on this earth. He is the noblest handiwork of God.

Part – C

भाग – स

Marks : 20

अंक : 20

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिये : (शब्द सीमा लगभग : **250** शब्द) अंक : 20

(1) राजस्थान में पर्यटन : विकास के नए आयाम

(2) इलेक्ट्रोनिक मीडिया और समाज

(3) भारतीय न्यायपालिका की सक्रियता : उपादेयता और संभावनाएँ

(Unit – II) (80 Marks)

(यूनिट– II) (80 अंक)

**General English**

**Part – A** **Marks : 20**

**Note :** Attempt **all** questions. Each question carries **1** mark.

(A) Identify the error and rewrite the correct form of the following sentences : (Q. No. **1–10**) **10**

1. What is in danger of becoming extinct ?

2. He was pained to realise that he had a little leisure left.

3. His news channel aspires to have a million viewers until the weekend.

4. He is taking tea every morning.

5. My aunt walked in the garden when I met her.

6. Let me show you how to do it, can I ?

7. What they steal ?

8. Did this picture painted by Raja Ravi Verma ?

9. He asked that, "Why have you cancelled the meeting ?"

10. He said that he would be there again tomorrow.

(B) Choose the word similar in meaning. (Q. No. **11-12**) **2 × 1**

11. Perceive

understand/amiable

12. Impeccable

perfect/mature

(C) Choose the word opposite in meaning. (Q. No. **13-14**) **2 × 1**

13. Urbane

impolite/rural

14. Rare

opaque/common

(D) Rewrite choosing the appropriate expression to form a meaningful sentence. (Q. No.**15-16**) **2 × 1**

15. She looked so courteous and kind that I was completely taken over/taken in.

16. We are still at odds and ends/at daggers drawn with the Education Minister over the changes in the syllabus.

(E) Selecting the correct word/phrase, rewrite the following sentences : (Q. No. **17-18**) **2 × 1**

17. It took the bomb squad many hours to diffuse/defuse the time bomb lying in the market place.

18. Her resilience and spirit has always shown her mettle/metal during difficult times.

(F) Write a one word substitute for the following expressions : (Q. No. **19-20**) **2 × 1**

19. A person who is primarily concerned with making money at the expense of ethics

20. A critical judge of any art or craft

**Part – B** **Marks : 30**

(A) Read the passage given below and answer the questions that follow : (Q. No. **21 – 25**)

**Marks : 5 × 2 = 10**

Conversation is indeed the most easily teachable of all arts. All you need to do in order to become a good conversationalist is to find a subject that interests you and your listeners. There are, for example, numberless hobbies to talk about. But the important thing is that you must talk about the other fellow's hobby rather than your own. Therein lies the secret of your popularity. Talk to your friends about things that interest them and you will make your reputation for good fellowship, charming wit and a brilliant mind. There is nothing that pleases people more than your interest in their interest.

It is as important to know what subject to avoid as what subjects to select for good conversation. If you don't want to be set down as a wet blanket or a bore, be careful to avoid unpleasant topics. Avoid talking about yourself, unless you are asked to do so. People are interested in their problems not in yours. Sickness and death bore everybody. The only one who willingly listens to such talk is a doctor, but he gets paid for it. To be a good conversationalist you must know not only what to say but how to say it. Be civil and modest. Don't ever emphasize your own happiness. Be mentally quick and witty, but don't hurt others by your wit. Finally try to avoid mannerisms in your conversation. Don't bite your lips, or click your tongue, or roll your eyes, or use hands excessively as you speak. Such gestures detract from the conversation.

21. What subjects of conversation make one popular ?

22. What topics must one avoid in a good conversation ?

23. What are the two things a good conversationalist must know ?

24. How should a good conversationalist treat others ?

25. Find the word/words in the passage that have the same meaning as the following :

A person who discourages enjoyment

| (B) Translate the following sentences into English : (Q. No. **26 – 30**) | **Marks** **5 × 2 = 10** |
|---|---|

26. हल्दी में बहुत से औषधीय गुण होते हैं ।

27. अब समय आ गया है कि अज्ञानता और निरक्षरता को जड़ से उखाड़ दें ।

28. क्या सितार बजाने में आपको आनन्द आता है ?

29. भारतीय उपमहाद्वीप अनेक सभ्यताओं व संस्कृतियों का जनक है ।

30. राजा ने कैदी को अपने राज्य से निष्कासित कर दिया ।

**Marks**

(C) Make a precis of the following passage in about one third of its length : **10**

31. It is never easy to see why one hobby should be more popular than another; as the old writer said, there is no disputing about tastes. One of the most mysterious illustrations of this saying is surely to be found in the love of maps. Mankind may be roughly divided into those who find a fascinating world within the covers of an atlas and those to whom an atlas is no more than a book of reference. What is it that decides to which category a particular person may belong ?

It is not, for example, a matter of travel. There are those whose work or recreation has sent them journeying around the world from one exciting country to another but who seldom consult a map unless forced to do so by the sheer necessity of discovering how to get most quickly from one place to another. On the other hand there are those who have never travelled outside their own immediate neighbourhood and yet find great amusement in studying maps of all kinds.

Perhaps it is mainly a matter of imagination. The genuine map-lover, merely by looking at his maps, is transported beyond the walls of his room. If his map is of some familiar territory, he is in his imagination is admiring this view. If it is some distant unvisited land, he is peopling it with creatures he has read about or admiring the charming scenery. Whatever tricks his imagination is up to, it is the map which has set him dreaming. It has furnished him with means of recreation and delight.

Part – C

Marks : 30

Marks

32. Write a paragraph on any **one** of the following in approximately **200** words : **10**

(i) The future of English in India

(ii) The effects of present-day credit culture

(iii) Travelling helps build personality

Marks

33. Elaborate any **one** of the following themes in approximately **150** words : **10**

(i) Your enemies are your best friends.
(ii) All's well that ends well.
(iii) Justice delayed is justice denied.

Marks

34. Write a letter to the Zonal Manager, North-Western Railway, Delhi, describing the discomforts you experienced during a recent journey.(**150** Words) **10**

**OR**

Write a report on the pathetic condition of the public zoos in Rajasthan.

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK